http://www.sgbauonline.com/



# M.A. (Part–I) (Translation Hindi) Semester—I Examination

## TRANSLATION HINDI

## (Bhasha Shikshan)

## Paper–4(B)

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 80

1. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखिए :– 16×3=48

   (1) भाषा को परिभाषित करते हुए भाषा-शिक्षण के उद्देश्य एवं स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

   (2) भाषा-शिक्षण की विभिन्न विधियों को उल्लेखित कीजिए।

   (3) भाषा-शिक्षण के संदर्भ में भाषा के प्रमुख पाँच प्रकारों को स्पष्ट कीजिए।

   (4) भाषा-शिक्षण में शिक्षण सूत्रों के प्रयोग की क्या उपादेयता है ? विशद कीजिए।

   (5) भाषा-शिक्षण में कौनसे उपयोगी दृश्य-श्राव्य साधनों का प्रयोग किया जाता है उनका परिचय दीजिए।

2. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर 15 से 20 पंक्तियों में लिखिए :— 4×4=16

   (1) मातृभाषा शिक्षण और अन्य भाषा-शिक्षण में अंतर स्पष्ट कीजिए।

   (2) भाषा-शिक्षण के अंतर्जातक्षमता, संज्ञानात्मक विकास को विशद कीजिए।

   (3) भाषा-शिक्षण की प्रत्यक्ष विधि को स्पष्ट कीजिए।

   (4) भाषा के मानकीकरण को समझाइए।

   (5) दृश्य-श्राव्य साधनों में आकाशवाणी, सिनेमा का महत्व निरूपित कीजिए।

   (6) भाषा की कोई पाँच विशेषताएँ लिखिए।

   (7) पाठ-योजना को विवेचित कीजिए।

   (8) भाषा-शिक्षण में परिपूरक भाषा, सहायक भाषा का क्या सहयोग होता है ?

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ/लघूत्तरी प्रश्नों का निर्देशानुसार उत्तर लिखिये :– 16

   (अ) निम्नलिखित कथनों में से सत्य/असत्य लिखिए :–

      (1) भाषा की सबसे लघुत्तम इकाई ध्वनि है।

      (2) भाषा का क्षेत्रीय रूप बोली कहलाता है।

      (3) भाषा-शिक्षण में द्विभाषिक विधि को अतिरेकी विधि भी कहते हैं।

      (4) प्रत्येक भाषा की वर्तनी के नियम एकसमान होते हैं।

      (5) ध्वनियों का लिपि संकेतों में रूपान्तरण करना वाचन कहलाता है।

      (6) प्रत्येक भाषा में विचारों को व्यक्त करने के लिए भिन्न-भिन्न ध्वनि प्रत्येक होते हैं।



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

(आ) कोष्ठक में दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–

(7) मौखिक विधि का दूसरा नाम ______ भी है। (ध्वन्यात्मक विधि/रचनाविधि/प्रत्यक्ष विधि)

(8) _____ संसार की सबसे प्राचीन लिपि मानी जाती है। (खरोष्ठी/ब्राह्मी/देवनागरी)

(9) ______ में विशिष्ट से सामान्य की ओर तथा स्थूल से सूक्ष्म की ओर इस सूत्र को अपनाया जाता है। (आगमन विधि/निगमन विधि)

(10) अन्य भाषा शिक्षण प्रयोक्ता को ______ बनाता है। (सक्रिय/अनुवादक/द्विभाषिक)

(11) भाषा की जीवंतता उसके _______ पक्ष में रहती है। (साहित्यिक/लिखित/मौखिक)

(12) बालक के सर्वांगीण विकास का आधार ______ होती है। (राष्ट्रभाषा/मातृभाषा/संपर्कभाषा)

(13) निम्नांकित में से _______ कौशल से संबंधित नहीं है। (पढ़ना/लिखना/साहित्य में रूचि रखना/सुनना)

(14) वाचन के हेतु अनुसार वाचन के _____ प्रकार होते हैं। (तीन/चार/एक/पाँच)

(15) लैटिन भाषा-शिक्षण के सिद्धांत प्रथमतः ______ में प्रतिपादित हुए। (रोम/यूरोप/चीन)

(16) प्रत्यक्ष विधि को ______ नाम से भी जाना जाता है।

(संप्रेषणात्मक विधि/श्रवण भाषण विधि/मनोवैज्ञानिक विधि)



http://www.sgbauonline.com/